# रूफटॉप सोलर पैनल से ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि

drishtiias.com/hindi/printpdf/increase-energy-production-from-rooftop-solar-panel

## चर्चा में क्यों?

एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 30 सितंबर तक 1,538 मेगावाट के रूफटॉप सोलर पैनल रिकॉर्ड स्तर पर लगाए गए, जिससे इस श्रेणी में कुल ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3,399 मेगावाट हो गई है।

## महत्त्वपूर्ण बिंदु

- वर्ष 2022 तक रूफटॉप सौर क्षमता 15.3 GW तक पहुँचने की उम्मीद है और यह सरकार के 40 GW के लक्ष्य का लगभग 38 प्रतिशत है।
- इस रिपोर्ट के मुताबिक, वाणिज्यिक और औद्योगिक अधिष्ठान क्षेत्र 70 फीसदी हिस्सेदारी के साथ बाज़ार पर हावी है, जबकि आवासीय क्षेत्र में केवल 9 प्रतिशत के मामूली अंतराल के साथ गिरावट आई है।
- अध्ययन में यह भी बताया गया है कि कुल पाँच राज्य - महाराष्ट्र (473 मेगावाट), तमिलनाडु (312 मेगावाट), कर्नाटक (272 मेगावाट), राजस्थान (270 मेगावाट) और उत्तर प्रदेश (223 मेगावाट) बाज़ार में कुल 54 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखते हैं।
- पूंजीगत व्यय (CAPEX) बाज़ार (जहाँ संपूर्ण छत, छत मालिकों के स्वामित्व में है) में केवल 18 प्रतिशत हिस्सेदारी (जो पिछले वर्ष 21 प्रतिशत थी) के साथ 10 प्रमुख कंपनियाँ कार्यरत हैं।
- इन दस कंपनियों में से स्थान एवं उनकी हिस्सेदारी के अनुसार शीर्ष तीन कंपनियाँ क्रमशः टाटा पावर (4.4 प्रतिशत), महिंद्रा (2 फीसदी) और सनस्योर (2 फीसदी) हैं।

## नवीकरणीय क्षमता हेतु लक्ष्य

- भारत सरकार ने वर्ष 2022 के अंत तक 175 GW नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखा है।
- इसमें पवन ऊर्जा से 60 GW, सौर ऊर्जा से 100 GW, बायोमास पावर से 10 GW और छोटे जलविद्युत से 5 GW ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य शामिल है।

## स्रोत : बिज़नेस लाइन (द हिंदू)